लखनऊ में ही लगेगा अशोक लीलैंड का प्लांट

अभिषेक गुप्ता

लखनऊ। वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली दुनिया की चौथी सबसे बड़ी कंपनी अशोक लीलैंड ने प्लांट के लिए लखनऊ को फाइनल कर दिया है। प्रयागराज में भी कंपनी की दिलचस्पी थी लेकिन लखनऊ और कानपुर में पहले से ही ऑटो मोबाइल की सहायक इकाइयों की मौजूदगी ने

इस बेल्ट में प्रदेश के पहले वाहन प्लांट का रास्ता साफ कर दिया है।

कंपनी के इस फैसले से अब लखनऊ-कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया की जमीन पर प्रदेश का पहला

10 हजार रोजगार मिलेंगे

स्कूटर इंडिया की जमीन पर बनेगा

इलेक्ट्रिक बस निर्माण संयंत्र लगेगा। इस पर 1500 करोड़ रुपये निवेश होंगे। अकेले एक संयंत्र से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से 10000 रोजगार का सृजन होगा। 15 सितंबर को अशोक लीलैंड समूह के धीरज हिंदुजा ने यूपी में एकीकृत वाणिज्यिक वाहन बस संयंत्र स्थापित करने को लेकर समझौता किया था। साझेदारी के तहत अशोक लीलैंड मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन पर फोकस करेगी। प्लांट में वर्तमान में उपलब्ध ईंधन के साथ-साथ उभरते वैकल्पिक ईंधन द्वारा संचालित वाहनों को भी असेंबल करने की तकनीक होगी।

>> पिछड़ा प्रयागराज : पेज 2

>> बुरी नजर से स्कूटर इंडिया का पतन : माईसिटी